हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

12 नपा टीम ने रेहड़ी संचालकों के काटे चालान...



12 वोट चोर तानाशाहों को चुनौती देने का साहस सिर्फ...



## खबर संक्षेप

### शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में एथलीट मीट आज

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में 28 नवंबर को 29 वीं एथलीट मीट का आयोजन होगा। जिसमें पंजीकृत विद्यार्थियों शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ तहसीलदार निशा श्योराण करेंगी तथा समापन समारोह में जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल यादव करेंगे। खेल प्रकोष्ठ के इंचार्ज दीपक शर्मा ने बताया कि सुबह 9:30 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। जिसमें केवल कॉलेज के विद्यार्थियों को खेलने की अनुमति रहेगी। विजेता प्रतिभागियों व बेस्ट एथलीट को 3:30 बजे समापन समारोह में निर्धारित पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### सड़क किनारे शव बरामद

**नांगल चौधरी।** निजामपुर रोड पर स्थित देवनारायण चौक के नजदीक सड़क के किनारे शव बरामद हुआ है। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी तथा उनके बयान दर्ज करके वारदात की छानबीन आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार करीब साढ़े तीन बजे पुलिस को निजामपुर बाईपास पर सड़क के किनारे अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना मिली। शिनाख्त के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों से संपर्क किया। जिनकी मद्द से मृतक की पहचान नांगल कालिया निवासी होने की हुई है।

### गायों के लिए सवामणी आयोजित

**मंडी अटेली।** श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में फतेहपुर निवासी मास्टर ओमप्रकाश ने अपनी पत्नी बिमला देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर गायों के लिए सोमानी का आयोजन किया, जिसमें 50 किलो दलिया, 50 किलो गुड़, दो किलो तेल एवं 5100 रुपये के अलावा गोशाला के समस्त स्टाफ को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मास्टर ओमप्रकाश ने कहा कि गोमाता हमारी माता है और हमें इनकी सेवा और पूजा करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाय हमें दूध, गोबर और अन्य उपयोगी चीजें प्रदान करती है। इसलिए हमें उनकी सेवा और पूजा करनी चाहिए। मौके पर गोशाला प्रधान कप्तान महावीर सिंह, बलबीर, दीपक कुमार पटवारी, मोनिका, आशुतोष आदि उपस्थित रहे।

### अटेली में स्वास्थ्य कैम्प आज

**मंडी अटेली।** अटेली में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान 28 नवंबर को बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपस्वास्थ्य केंद्रों पर महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच हेतु विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। एनसीडी, टीबी, एनीमिया जांच, टीकाकरण सेवाएं, माहवारी स्वच्छता, पोषक आहार संबंधी परामर्श सहित कई आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## 'एनक्वास' टीम ने जिला नागरिक अस्पताल में चलाया निरीक्षण अभियान, स्टैंडर्ड्स पर रहा फोकस

- नारनौल के नागरिक अस्पताल में फरीदाबाद एवं झज्जर जिलों से पहुंची थी एनक्वास निरीक्षण करने के लिए दो अलग-अलग चिकित्सकों की टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नागरिक अस्पताल में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टेट एनक्वास यानि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (नेशनल क्वालिटी एसुरेंस स्टैंडर्ड्स) की टीम निरीक्षण करने के लिए पहुंची। अस्पताल दो टीमें पहुंची थी और एक टीम में तीन सदस्य शामिल थे।

यह सभी सदस्य प्रदेश के दूसरे जिलों के अस्पतालों से आए उप सिविल सर्जन पद के चिकित्सक थे, जिन्होंने जिला नागरिक अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। एनक्वास टीम के साथ शुरू में एमएस डा. आशा शर्मा, डिप्टी एमएस डा. विजय डबास एवं डिप्टी सिविल सर्जन डा. रिंकू शर्मा आदि भी मौजूद रहे। गौर हो कि प्रदेश सरकार की मुहिम जिला स्तर पर एक-एक नागरिक अस्पताल को प्राइवेट नामी अस्पतालों की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। इस योजना के तहत भवनों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य चिकित्सकों, स्टॉफ के साथ-साथ मरीजों को वह बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, जो निजी प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को पैसे खर्च करके मिलती हैं।

सरकार ने इस कार्य के लिए न केवल अस्पताल भवनों के सुधारीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है, बल्कि अन्य चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत पिछले दिनों एनक्वास के मद्देनजर स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ चिकित्सकों ने जिला नागरिक अस्पतालों का मूल्यांकन किया था। जिला नागरिक अस्पताल ने इस मूल्यांकन में 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए थे, जिस पर यह अस्पताल स्टेट की दौड़ में शामिल हो गई। इसी के मद्देनजर गुरुवार को एनक्वास के तहत निरीक्षण करने के लिए फरीदाबाद एवं झज्जर जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम नारनौल पहुंची थी। इस टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओं की 15 विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिसमें साफ-सफाई से लेकर, स्टाफ एवं चिकित्सकों व्यवहार तथा दवाओं व अन्य उपकरणों का उपयोग किस प्रकार से किया जा रहा है, वह जानना था। इस टीम ने गायिनी वार्ड, आपातकालीन वार्ड समेत विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। गायिनी वार्ड में टीम ने वहां तैनात कर्मचारियों एवं स्टॉफ नर्सों से वहां पर सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की।



**नारनौल।** गायिनी वार्ड में निरीक्षण के दौरान सवाल करते टीम के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### क्या है एनक्वास कार्यक्रम

एनक्वास का मतलब नेशनल क्वालिटी असुरेंस स्टैंडर्ड्स है। यह एक भारत सरकार का कार्यक्रम है, जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार और उन्हें प्रमाणित करने के लिए शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता बढ़ाना और बेहतर प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को पहचानना है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाना और राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्हें प्रमाणित करना है।

### यह बोले चिकित्साधिकारी

इस संदर्भ में डिप्टी एमएस डा. विजय डबास ने बताया कि सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार के मार्ग दर्शन में एनक्वास की स्टेट टीम ने अस्पताल में निरीक्षण किया है। इसका उद्देश्य जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को गुणवत्ता अनुसार स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं और किस प्रकार से दी जा रही हैं, उसके बारे में जानने के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं से लेकर तमाम तरह की उपयोगी जरूरतों के बारे में निरीक्षण करना था। टीम ने आज का निरीक्षण कर लिया है। यह दो दिवसीय निरीक्षण है। इस निरीक्षण के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिससे अस्पताल को भी अवगत कराया जाएगा, ताकि जहां-जहां कमियां नजर आएं, उन्हें दूर किया जा सके। इसी के आधार पर अस्पताल का मूल्यांकन होगा। यदि अस्पताल स्टेट लेवल पर खरा उतरती है तो फिर नेशनल में शामिल हो जाएगी।

# डायरेक्ट एसएमओ भर्ती के विरोध में डाक्टरों ने दो घंटे रखा पेन डाउन

## हड़ताल के दौरान डाक्टरों ने नहीं देखी ओपीडी, परेशान रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एसएमओ की सीधी भर्ती के विरोध में सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने दो घंटे की पेन-डाउन हड़ताल की। प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक रही इस हड़ताल के दौरान डाक्टरों ने ओपीडी नहीं की। इस कारण अस्पताल आए मरीजों को कुछ देर के लिए परेशानी हई, जबकि सरकारी डाक्टर जिला नागरिक अस्पताल के पुराने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर कुर्सियों पर धूप सेंकते नजर आए। इसमें जूनियर एवं सीनियर डाक्टर नजर आए। महिला चिकित्सक भी इस भर्ती के विरोध में रही। बता दें कि हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन द्वारा गठित एक्शन कमेटी के आह्वान पर जिला नागरिक अस्पताल के सरकारी डाक्टरों ने ओपीडी सेवाओं की दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल आक्रोश और विरोध के प्रतीक के रूप में की गई। एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान डॉ. अनिल यादव एवं ब्लॉक कोर्डिनेटर डा. अनुज यादव ने बताया कि सरकार द्वारा सीधी एसएमओ भर्ती की फिर से शुरुआत की जा रही है तथा इसकी जानकारी उन्हें गत 4 नवंबर को आयोजित बैठक की मिनट्स से पता चला है। उन्होंने बताया कि इस भर्ती के विरोध में एचसीएमएस एसोसिएशन एसएमओ की सीधी भर्ती को रोकने के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रही है। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने स्पष्ट रूप से सीधी एसएमओ भर्ती को रोकने का लिखित निर्देश दिया था। इसके बाद पिछले साल भी एसोसिएशन को इसे रोकने के लिए सेवा नियमों में संशोधन कराने के लिए आंदोलन की राह पर चलना पड़ा था। उच्चतम स्तर पर यह आश्वासन दिया गया कि अब से कोई सीधी एसएमओ भर्ती नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह डायरेक्ट एसएमओ भर्ती हमारे देश के किसी भी राज्य में लागू नहीं है। दुर्भाग्यवश डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती प्रक्रिया एकबार फिर से हरियाणा में शुरू की गई है। पिछले साल सरकार की ओर से इस बात पर भी सहमति बनी थी कि एचसीएमएस डॉक्टरों को संशोधित एसीपी संरचना दी जाएगी। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित किया गया था और इस बाबत गत अगस्त 2024 में वित्त विभाग से भी सहमति ली गई, लेकिन दुर्भाग्य से तब से एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी और कई अनुरोधों और अनुस्मारक के बावजूद इसे अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि एचसीएमएस डॉक्टरों ने गंभीर चिंता के इन मुद्दों को हल करने के लिए कई बार अधिकारियों से मुलाकात की और अनुरोध किया, लेकिन इन मुद्दों को हल करने की सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति और मंशा के बावजूद, नौकरशाही बाधाओं के कारण ये मुद्दे अभी तक हल नहीं हुए हैं। इसी के विरोध में आज पूरे राज्य में सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सभी ओपीडी सेवाएं दो घंटे के लिए निलंबित रखी हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हमारी मांग 'डायरेक्ट एसएमओ भर्ती' के पूर्ण विरोध में है। जिला महेंद्रगढ़ में लगभग 170 डॉक्टर हैं और सभी ने आज दो घंटे की पेन-डाउन हड़ताल की है। यह हड़ताल पूरे हरियाणा में आयोजित की गई। यदि हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलनकारी चिकित्सकों ने बताया कि अब इस मामले में सरकार की प्रतिक्रिया और गंभीरता का मूल्यांकन करने के लिए एसोसिएशन की रविवार 30 नवंबर को बैठक आयोजित की जाएगी।





**नारनौल।** मांगों को लेकर प्रदर्शन में भाग लेते चिकित्सक तथा पेन डाउन के दौरान पुराने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर धूप में बैठे चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

### मरीजों को हुई परेशानी

आज नारनौल नागरिक अस्पताल के लगभग सभी डॉक्टरों ने भी इस विरोध प्रदर्शन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कारण डाक्टरों ने अस्पताल आए मरीजों को नहीं देखा तथा कुछ देर के लिए ओपीडी स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई रही। इससे मरीजो को कुछ देर के लिए परेशानी हुई और उन्हें चिकित्सकों का इंतजार करना पड़ा। हालांकि इस अवधि (प्रातः 9-11 बजे) के दौरान सभी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं चालू रही। आजकल प्रातःकाल को ठंड होने से सवेरे जल्दी ही मरीज भी कम संख्या में पहुंचे थे। इस कारण हालात ज्यादा खराब नहीं रहे।

### इन्होंने लिया भाग

इस हड़ताल में सर्जन चिकित्सक डॉ. कंवर सिंह चौहान, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. अनुज यादव, डॉ. होशियार, डॉ. संजय, डॉ. नवीन यादव, डॉ. धर्मेन्द्र, डॉ. अमित, डॉ. हेमंत, डॉ. अजय ग्रोवर, डॉ. वैभव व डॉ. प्रियंका समेत अनेक चिकित्सक शामिल रहे।

## सोसायटी बस में छात्रा से किराया मांगने पर हंगामा, बनाई वीडियो

- छात्रा कविता ने पूरे मामले की शिकायत आरटीए को दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सोसायटी की प्राइवेट बस में कंडेक्टर द्वारा छात्रा से किराया मांगने पर बस में हंगामा खड़ा हो गया। छात्रा ने कंडेक्टर की वीडियो बना ली। जबकि कंडेक्टर का कहना था कि चाहे कितने ही वीडियो बना लो। किराया तो देना ही होगा। छात्रा ने इसकी शिकायत आरटीए से की है। जानकारी के अनुसार आईटीआई नारनौल की छात्रा कविता ने पूरे मामले की शिकायत आरटीए नारनौल को दी है।

छात्रा ने बताया कि रोजाना की तरह वह बुधवार शाम 4 बजे नारनौल से अपने गांव दुबलाना जाने वाली एक निजी बस में सवार हुई। जब उन्होंने कंडेक्टर को अपना बस पास दिखाया, तो कंडक्टर ने पास को मानने से साफ इंकार कर दिया और किराया देने की बात कही। छात्रा का कहना है कि उन्होंने बाकायदा हरियाणा सरकार द्वारा मान्य पास बनवाया हुआ है, जिसके अनुसार सभी निजी और सरकारी बसों में स्टूडेंट पास मान्य होते हैं। इसके बावजूद कंडक्टर द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें किराया देने को मजबूर किया गया। छात्रा कविता ने बताया कि पास दिखाने के बावजूद कंडेक्टर ने उसे मानने से मना कर दिया और धमकी दी कि किराया दो या फिर बस से उतर जाओ। बार-बार धमकी देने पर उसने कंडेक्टर को किराया दे दिया।

### अभद्र व्यवहार किया

बता दें कि इससे पहले एक ऐसा ही मामला करीब दस दिन पूर्व सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्रा के साथ भी हुआ था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एमएससी कर रही छात्रा से सोसायटी बस के कंडेक्टर ने किराया नहीं देने पर छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसको बस से उतारने की दो बार कोशिश की, जिसके बाद छात्रा ने किराया दिया था। अब यह दूसरी घटना घटित हुई है, जो सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दी गई।

### किराया वसूली गलत

हरियाणा रोडवेज के यातायात प्रबंधक पवन कुमार ने बताया कि सरकार के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि स्कूली छात्र-छात्राओं के बस पास न केवल सभी रोडवेज बसों बल्कि स्टेट कैरिज परमिट वाली निजी बसों में भी पूरी तरह मान्य हैं। इसके बावजूद निजी बस संचालकों द्वारा पास को न मानने की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। छात्रा से किराया वसूली का यह मामला गलत है। विभाग इस पर संज्ञान ले रहा है और संबंधित बस संचालक व कंडक्टर पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बलाहा कलां में इनकम टैक्स की रेड

**नारनौल।** बलाहां कलां गांव निवासी एक व्यक्ति के मकान पर इनकम टैक्स के अधिकारियों ने रेड की। मकान मालिक एक बिल्डिंग मेटिरियल सप्लायर है। जिनके ट्राले व ट्रक चलते हैं। सप्लायर का गुरुग्राम में कार्यालय व मकान भी है। प्रदेश की सीमा के अंतिम छोर पर बसे गोद बलाहा गांव में राजस्थान के साथ लगते खेतों में राहुल नामक युवक ने मकान बनाया हुआ है। युवक के पिता कई सालों से बिल्डिंग मेटिरियल सप्लाई का काम करते हैं। जिनके पास गुरुग्राम व दिल्ली में कंपनियों की बिल्डिंग बनाने व अन्य प्रोजेक्ट का ठेका है। जानकारी के अनुसार विजयपाल का काम चार पांच साल पूर्व सही नहीं चल रहा था, लेकिन इसके बाद काम कम हो गया। इसके बाद उसके पुत्र राहुल ने काम संभाला। जिसके काम संभालने के तीन से चार साल में ही उसके पास बड़े बड़े प्रोजेक्ट आ गए। ग्रामीणों की माने तो राहुल रोड़ी, डस्ट, बजरी व पत्थर की सप्लाई करता है। जिसने गुरुग्राम में काम लिया हुआ है।

## मंदिर के लिए किया भूमि पूजन

**नारनौल।** गांव सेका में शनि महाराज का मंदिर बनाने के लिए भूमि पूजन किया गया। जिसमें पंडित जितेंद्र शास्त्री ने मंत्रोचारण करके भूमि पूजन करवाया। इस अवसर पर शनि देव महाराज के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण किया। शास्त्री ने बताया कि यह शनि पिंड भगवान हनुमान ने लंका से फेंका था, जो यहां आकर गिरा। तब से शनि देव यहीं पर स्थापित हैं। यहां शनि देव को तेल चढ़ाने के बाद उनसे गले मिलने की प्रथा भी है, जो भी यहां आता है वह बड़े प्यार से शनि देव से गले मिलकर अपनी तकलीफें उनसे बांटता है। कहा जाता है कि ऐसा करने से शनि उस व्यक्ति की सारी तकलीफें दूर कर देते हैं।



**नारनौल।** गांव सेका में भूमि पूजन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## खेतों में मिला पाकिस्तान लिखा बैलून, ग्रामीणों में हड़कंप

- पुलिस ने खेतों और रास्तों में सर्च ऑपरेशन चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में राजस्थान सीमा से लगे क्षेत्रों में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव सोहला और निहालपुरा के बीच कच्चे रास्ते पर 'पाकिस्तान' लिखा हुआ एक बड़ा बैलून मिला। सफेद और हरे रंग के इस बैलून पर सफेद रंग से 'पाकिस्तान' अंकित था और उस पर चांद-सितारे का निशान भी बने हुए थे। इसे देखकर ग्रामीण घबरा गए और तुरंत माधोगढ़ चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही माधोगढ़ चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बैलून को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के खेतों और रास्तों में सर्च ऑपरेशन भी चलाया, ताकि किसी अन्य संदिग्ध वस्तु की मौजूदगी की पुष्टि हो सके। हालांकि तलाशी अभियान के दौरान पुलिस को कोई अन्य संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। माधोगढ़ चौकी प्रभारी तपेंद्र सिंह ने बताया कि बैलून पर पाकिस्तान लिखा हुआ था, लेकिन प्रारंभिक जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी खतरे के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह बैलून हवा के साथ उड़कर सीमा क्षेत्र से यहां पहुंचा होगा, क्योंकि इस तरह के बैलून पहले भी कई बार पड़ोसी देश की ओर से उड़कर आने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।



**नारनौल।** खेतों में पड़ा बैलून। फोटो: हरिभूमि

## जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव पायगा में आज

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम कनिका गोयल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव पायगा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी कैप्टन मनोज कुमार करेंगे। एसडीएम ने बताया कि डीसी कैप्टन मनोज कुमार रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरन्तर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**आदेश** बच्चों को दिया जा रहा भोजन सुरक्षित, पौष्टिक और मानकों के अनुरूप हो

# मिड-डे मील के खाद्य नमूनों की जांच शुरू, ब्लॉकवार नमूने लिए जाएंगे

सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

- खाद्य पदार्थों के नमूने स्वीकृत प्रयोगशालाओं से ही जांचे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जिले के राजकीय विद्यालयों में छात्रों को परोसे जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता की जाँच अब नियमित रूप से कराई जाएगी। इस संदर्भ में डीइओ सुनील दत्त यादव द्वारा सोमवार को जारी पत्र में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खाद्य नमूनों की जांच ब्लॉकवार कराई जाए, ताकि बच्चों को दिया जा रहा भोजन सुरक्षित, पौष्टिक और मानकों के अनुरूप हो। हरियाणा सरकार की ओर से 15 दिसम्बर 2014 से लागू निर्देशों के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने स्वीकृत प्रयोगशालाओं से ही जांचे जाएंगे। इसी कड़ी में चौकसी लेबोरेट्री लिमिटेड कंट्रैक्ट रिसर्च एवं टेस्टिंग लेबोरेट्री पंचकूला को नमूना संग्रहण और परीक्षण के लिए अधिकृत किया गया है।

### न्यूट्रिशन वैल्यू और गुणवत्ता वैज्ञानिक परीक्षण प्रक्रिया होगी सुनिश्चित

प्रयोगशाला द्वारा प्रदान किए गए कोटेशन के अनुसार प्रत्येक खाद्य नमूना जांच की लागत जीएसटी एवं संग्रहण शुल्क सहित 4500 रुपये निर्धारित की गई है। यह राशि अग्रिम रूप में प्रयोगशाला के नाम पूर्व भुगतान के रूप में भेजी जाएगी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में ब्लॉकवार विद्यालयों से खाद्य नमूने एकत्र किए जाएं। इसके तहत विद्यालयों में परोसे जा रहे भोजन का न्यूट्रिशन वैल्यू और गुणवत्ता वैज्ञानिक परीक्षण प्रक्रिया द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया है कि परीक्षण के बाद प्राप्त रिपोर्ट को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### स्कूल में भोजन की गुणवत्ता की शिकायत करें अभिभावक

इसके साथ ही पत्र में सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नमूना संग्रहण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से करें तथा सरकार द्वारा अनुमोदित प्रयोगशाला की शर्तों का पालन सुनिश्चित करें। जांच रिपोर्ट के आधार पर मिड-डे मील की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के साथ कोई समझौता न हो। जिला शिक्षा विभाग ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी कहा है कि यदि किसी विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें हैं तो तत्काल विभाग को सूचित करें। विभाग का उद्देश्य है कि हर बच्चे को सुरक्षित, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो तथा मिड-डे मील योजना का लाभ सही मायनों में विद्यार्थियों तक पहुंचे।

## 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणा तीन इवेंट में रहा आगे

# हरियाणा की दीपांशी तार गोला फेंकने व मुस्कान 1500 मीटर दौड़ में रही अव्वल





आयोजित प्रतियोगिता में लंबी छलांग लगाता प्रतिभागी, मंचासीन शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा ऊंची कूद स्पर्धा में दमखम दिखाता एक प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी।

69वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त मुकाबले हुए। मुकाबलों में हरियाणा के प्रतिभागी तीन स्पर्धाओं में अव्वल रहे। वहीं केरला के खिलाड़ी दो, महाराष्ट्र, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के धावक एक-एक स्पर्धा में अव्वल रहे। प्रतियोगिता की अन्य स्पर्धाओं के मुकाबले शुक्रवार को होंगे। प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पदक व शिक्षा विभाग भिवानी द्वारा खेल किट देकर सम्मानित किया।

भीम स्टेडियम में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक संजीव कुमार, कर्ण सिंह पुनिया, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर, नोडल अधिकारी सत्यवान कोच, डॉ. अनिल कुमार ने स्पर्धाएं शुरू करवाई। सबसे पहले लड़कियों के अंडर 19 आयुवर्ग की 15 सौ मीटर दौड़ स्पर्धा में हरियाणा की मुस्कान ने 4 मिनट 23 सेकेंड तय करके पहले स्थान पर रही। इसी तरह महाराष्ट्र की स्नेहल भौषबे ने यह स्पर्धा चार मिनट 26 सेकेंड में तय करके जीती। तीन किलोग्राम भार की तार गोला फेंक प्रतियोगिता में हरियाणा की दीपांशी ने 57.71 मीटर फेंक कर पहले तथा हरियाणा की मीनू ने 53.18 मीटर फेंक कर दूसरे स्थान पर रही। लड़कियों की सौ मीटर बाधा दौड़ में केरला की आधितिया एजी ने 13.93 सेकेंड में पार कर पहले स्थान पर रही। इस मौके पर रामौतार शर्मा, बीईओ सिवानी डॉ. सुरेंद्र सिंह,विजय प्रभा, विजय सांगवान, एसजीएफआई के फिल्ड अधिकारी सुशीला सिंह व धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्पर्धा में छाया यूपी का छोरा

अंडर 19 आयुवर्ग के लड़कों की 15 सौ मीटर दौड़ स्पर्धा में उत्तर प्रदेश का विकास पहले, बादल दूसरे स्थान पर रहे। पांच हजार मीटर पैदल चाल में उत्तराखंड के तुषार पंवार अव्वल रहे। राजस्थान के रोहित कुमार ने यह दूरी 20 मिनट 35 सेकेंड में तय करके दूसरे स्थान पर रहे। लड़कों की लंबी कूद स्पर्धा में केरला के मोहम्मद असील ने 7.17 मीटर लंबी छलांग लगाकर पहले स्थान पर रहे। केंद्रीय विद्यालय संगठन के मनवित ने 7.06 मीटर छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर रहे।

### 16 स्पर्धाओं में जीते पदक

प्रेस प्रभारी जयबीर नाफरिया व विनोद पींकू ने बताया कि अभी तक 16 स्पर्धा सम्पन्न हो चुकी हैं। प्रतियोगिता में राममेहर सिंह पानीपत,शैलेंद्र सिंह, पूनम शर्मा, गौरव दलाल, लक्ष्मण गौड़, जिला प्रधान कुलदीप महला आदि का सराहनीय योगदान रहा। निर्णायक एवं आयोजन समिति में श्री भगवान एईओ, प्रीतपाल टूर्नामेंट मैनेजर, राजेश्वर ढिल्लो, जीतपाल शर्मा, देवेंद्र अत्री, यशपाल चौपड़ा पंचकूला, राकेश सिवाच एईओ रोहतक, कुलदीप अहलावत, राजेश प्रवक्ता, संजय कोच, रामचंद्र पुनिया, सुखदेव डीपी, रविंद्र डीपी, संजय यादव, सुनील कुमार, सुशील दहिया, राकेश भारद्वाज, प्रवीण भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थी जीवन में खेल का होना बहुत जरूरी: संजीव कुमार

■ एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक संजीव कुमार रहे बतौर मुख्य अतिथि

भिवानी। स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भीम स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की 69वीं अंडर-19 स्कूली एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक संजीव कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लिया और प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन का आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने संयुक्त निदेशक का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया और प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त निदेशक ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल का होना बहुत जरूरी होता है। खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। हमारे देश में हरियाणा खेलों में सबसे आगे है। देश के लगभग सभी राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों का भीम स्टेडियम में स्वागत है। सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें। खेल में हार-जीत होती रहती है, खिलाड़ी को हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि हार से सबक लेकर और अधिक मेहनत करके जीत में बदलना चाहिए। वहीं प्रतियोगिता में लंबी कूद प्रतियोगिता के फाइनल में केरल के मोहम्मद असील प्रथम स्थान पर रहे और केवीएस के मानवित एन दूसरे स्थान व उत्तर प्रदेश से रजत कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीपी देवेन्द्र अत्री ने प्रतियोगिता में मंच संचालन किया। इस दौरान उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर, जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव, खेल प्रतियोगिता के नोडल कोच सत्यवान नाहिल, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान अमित डागर सहित अनेक राज्यों से आए कोच व खिलाड़ी मौजूद रहे।



भिवानी। प्रतियोगिता में बेहतरीन स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



## छात्रों को ऊनी स्वेटर और जूते वितरित किए

भिवानी। हमारा अपना फाउंडेशन की टीम ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, गांव गुजरानी में जरूरतमंद छात्रों को ऊनी स्वेटर और शूज वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विजेंद्र बडगुजर, उपाध्यक्ष हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्धमान ज्वेलर्स के प्रबंध निदेशक और हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन ने की, जिनके साथ स्कूल की मुख्य अध्यापिका सावित्री देवी, फाउंडेशन के सीईओ एस. के. सिंह और कोर कमेटी के अध्यक्ष आर. पी. ओला भी मौजूद थे। मां सरस्वती की पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें जरूरतमंद 58 छात्रों को ऊनी स्वेटर और 63 छात्रों को शूज वितरित किए गए। सचिन जैन ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और इसके गुणों के बारे में बताया। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपना विकास कर सकता है और देश का सम्मानित नागरिक बन सकता है।



## आईएएस के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लोहारू। पिछले दिनों मध्यप्रदेश के भोपाल में एजेएकेएस के सम्मेलन में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की कन्याओं के लिए की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर लोहारू के श्री ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों, सदस्यों और अनेक समाज के लोगों ने गहरा रोष प्रकट किया है। उक्त अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर समाज के लोगों ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी की और एसडीएम मनोज दलाल के माध्यम से प्रदेश के गृहमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वाले श्री ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जितेंद्र भारद्वाज, पार्षद अजय शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, अक्षय शास्त्री, डॉ अनिल जोशी, मोहन शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुनील कुमार सहित अनेक लोगों ने रोष जाहिर करते बताया कि एक अधिकारी द्वारा सार्वजनिक मंच से ब्राह्मण कन्याओं के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करना असहनीय है, उन्होंने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया है।

## बंसीलाल कॉलेज में योग कार्यशाला में सिखाए गुर

लोहारू। चौ बंसीलाल कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय योग कार्यशाला गुरूवार को संपन्न हो गई। कार्यकारी प्राचार्य डॉ सुखबीर सिंह ने कहा कि योग पौराणिक भारतीय पद्धति रही है तथा सदियों ने ऋषि मुनियों ने योग परंपरा का निवर्हन किया है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में योग को अपनाना चाहिए। प्रकोष्ठ प्रभारी नीलम के संयोजन में आयोजित छह दिवसीय योग कार्यशाला में योग शिक्षक मुकेश ने युवाओं को योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग अभ्यास के माध्यम से छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य व यौगिक जीवन के महत्व के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने कार्यशाला के अंतिम दिन में अनुलोम विलोम, नाड़ी शोधन, , सूर्यभेदी, चन्द्रभेदी आदि प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इस मौके पर सोनू, सुमन, पिंकी, डॉ. पूनम सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## अपने विभागों की समस्याओं का करें निपटान: डीसी

चरखी दादरी। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीईओ जिला परिषद डॉ विरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित हुआ। सीईओ ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने जिला के सभी कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान करें। डॉ. विरेन्द्र सिंह के समक्ष नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम दुरूस्त करवाना, नई पाइप लाईन बिछवाने, परिवार की आय दुरूस्त करवाने, बीपीएल कार्ड, नगर परिषद क्षेत्र में फुटपाथ से अवैध कब्जे हटवाने बारे, शहर में लटके हुए तारें, पोल दुरुस्त करवाने एवं विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने से संबंधित शिकायतें रखी। उन्होंने सभी शिकायतों को गौर से सुना और मौके पर निपटान होने वाली समस्याओं का निपटारा किया तथा शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

# खेल उत्सव में कल्पना बनीं विजेता

■ राजकीय महिला कॉलेज में खेलकूद एवं पारितोषिक वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजन सचिव डॉ. राजेश कुमार एवं सह सचिव डॉ. मीनू के कुशल निर्देशन में 22वां खेलकूद एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसके उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में चौ. बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्मानी एवं समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज ध्वजारोहण, मार्च पास्ट एवं औपचारिक घोषणा के साथ हुआ। मार्च पास्ट में खिलाड़ियों सहित एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे। प्राचार्य ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए मुख्य अतिथियों का परिचय उपस्थित जनसमुदाय को दिया। इस उत्सव में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 100, 200, 400 800 मीटर रेस, रिले रेस, शॉट पुट, जैवलीन थ्रो, डिस्कस थ्रो, स्लो साइक्लिंग, रस्साकसी आदि खेलों में अपनी प्रतिभा को प्रमाणित किया तथा सारा समय खेल का मैदान तालियों की गड़गड़ाहट व खिलाड़ियों के होश व जोश से लबरेज रहा। मुख्य अतिथीय उद्बोधन में बोलते हुए प्रो. धर्मानी ने कहा कि अनुशासन और उत्तम स्वास्थ्य मानव जीवन के विकास का आधार होते हैं जो खेल से विकसित होते हैं। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत व सम्मानित किया और उत्सव समापन की औपचारिक घोषणा की। मंच संचालन का दायित्व डॉ. सुमित्रा ने बखूबी निभाया।

### यह रहे विजेता

200 मी. दौड़ में कुमारी कल्पना प्रथम, मुस्कान द्वितीय व वर्षा ने तृतीय स्थान, 400 मी. दौड़ में कल्पना, पूजा, मुस्कान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, 800 मी. दौड़ में कल्पना, पूजा, मुस्कान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान, लांग जंप में कल्पना, कणिका, अंशिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान, हाई जंप में कल्पना, अंशिका, कणिका ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्क्स थ्रो में कल्पना , नीरज सुपुत्री आजाद, नीरज सुपुत्री अनिल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान, जैवलीन थ्रो में गौरा, कल्पना, नीरज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा शॉट पुट में कल्पना ने प्रथम , नीरज ने द्वितीय व वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### गीता महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

29 नवंबर से राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल झाड़ू सिंह चौक में होगा आयोजन

चरखी दादरी। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के निर्देश पर एसडीएम योगेश सैनी ने गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर शहीद दलवीर सिंह राजकीय माडल संस्कृति विद्यालय का दौरा किया और तैयारियों को जायजा लिया। स्कूल परिसर में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन होगा। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गीता महोत्सव को भव्य व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। सभी वर्ग के लोगों को गीता महोत्सव में शामिल किया जाए। उन्होंने नगर परिषद को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाए। गीता महोत्सव का शुभारंभ 29 नवंबर को सुबह 9 बजे गीता हवन यज्ञ एवं पाठ से होगा। इसके अलावा महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## लोक कलाकार राकेश भराणिया कल कुरुक्षेत्र में दिखाएंगे कला का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार राकेश भराणिया की कला का प्रदर्शन कुरुक्षेत्र से लेकर चंडीगढ़ तक दिखाई देगा। हाल ही में कुरुक्षेत्र में चल रहे गीता जयंती महोत्सव में 29 नवंबर को तथा 3 दिसंबर को चण्डीगढ़ क्राफ्ट मेले में वे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। राकेश केंद्रीय सांस्कृतिक विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त कलाकार हैं। वे प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित भी हो चुके हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं।

!!!!!! रक्तदान मानव सेवा का एक पवित्र माध्यम : प्राचार्य

# राजकीय कॉलेज में 52 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कैंसर पीड़ितों की सहायता के उद्देश्य से 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन एवं महाराजा महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान मे सामाजिक सरोकार निभाते हुए एक प्रेरणादायक पहल करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों, कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन्हे कमांडिंग ऑफिसर एलटी कर्नल थॉमस कुट्टी, कर्नल रितेश राजन, एनसीसी प्रभारी कैप्टन अशोक कुमार व महाविद्यालय प्राचार्य जगबीर सिंह ने बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में रक्त एकत्रित करने एम्स बाढ़सा (झज्जर)की टीम पहुंची। रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्तदान किया गया । इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य जगबीर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है और युवा वर्ग को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी सहयोग देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि रक्त की एक यूनिट कई जिंदगियों को बचा सकती है और इसी भावना के साथ यह शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य यह संदेश देना था कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और रक्तदान उसी सेवा का एक पवित्र माध्यम है। महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी कैप्टन अशोक कादयान ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से ना केवल जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकते है, बल्कि मानव सेवा की तरफ अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन भी कर सकते है।

### युवाओं को सीख

इस मौके पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदान एक ऐसी सराहनीय मुहिम है, जिसके माध्यम से हम किसी जरूरतमंद मरीज का जीवन बचा सकते है। 11 हरियाणा बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी एलटी कर्नल थॉमस कुट्टी ने एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र कुमार, डा. मंजुबाला समेत स्टाफ सदस्यों राकेश वर्मा व सरिता रानी ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य डा. जगवीर सिंह मान, डा. हरिओम शर्मा, आनंद प्रकाश, मितेश शर्मा, वजीर सिंह, जसमिंद्र सिंह, रणधीर सामोता, धर्मवीर जाखड, कुलवीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, पंकज शर्मा, सरिता रानी, रेखा चौहान, योगमाया, आंचल, डा. पारीशा, प्रवेश, मोनू मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### चिकित्सा शिविर में 150 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

भिवानी। गीता जयंती के उपलक्ष्य में जीओ गीता चिकित्सा सेवा प्रकल्प समिति द्वारा दूसरे दिन भिवानी दिनोद गेट पर स्थित अंचल हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में डॉ. विनोद अंचल की टीम ने 150 मरीजों की शुगर, बीपी आदि बीमारियों की जांच की। इस दौरान उन्होंने चेकअप के लिए आए हुए लोगों को बेहतर लाइफ स्टाइल के बारे में जागरूक किया। उन्हें बताया की उन्हें अपने दैनिक जीवन के क्या खाना चाहिए और किस तरह के खाने पर रोक लगानी चाहिए ताकि हमारा शरीर बीमार ना पड़े। इस मौके पर डॉ विनोद अंचल, डॉ कृष्ण कुमार , डॉ नरेश कुमार , डॉ अक्षरा, डॉ स्नेह, डॉ राजेश शर्मा, डॉ रविन्द्र, सहित अनेक चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि 28नवंबर को चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क भिवानी में जांच शिविर सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगा।



### बलियाली में मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

बवानीखेड़ा। गांव बलियाली में महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें ह्यूमन राइट्स काउंसिल ऑफ इंडिया बलियाली प्रधान डॉ. गजेंद्र, प्रधान बलजीत अहलान, महावीर नंबरदार, फत्ते पूर्व पंच, सोरव, राजेन्द्र दहिया,परवीन अहलान, शेर सिंह, नीरज दहिया आदि गणमान्य व्यक्तियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए बताया कि वे एक महान समाज सुधारक और दलितों और महिलाओं के लिए शिक्षा की शुरुआत की। उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले पहली महिला शिक्षिका बनीं महात्मा ज्योतिबा फुले का लक्ष्य समानता और न्याय का समाज बनाना था। सभी ने उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित किया।



### सिवाड़ा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

बवानीखेड़ा। गांव सिवाड़ा के राजकीय उच्च विद्यालय में लिंगानुपात सुधार के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर जागरुकता रैली निकाली। इसकी अध्यक्षता ग्राम सरपंच प्रतिनिधि बिजेन्द्र व पंच द्वारा की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम में स्वास्थ्य निरीक्षक प्रेम कुमार, विरेन्द्र, श्यामसुंदर, सुनीता, बीर सिंह, सुशीला देवी, गीता, औमपति, मुकेश, रोशनी, बबली, सलोचना आदि ने अपनी अहम भूमिका अदा की। स्वास्थ्य विभाग की टीम में स्वास्थ्य निरीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि बेटियों को बेटों के बराबर का अधिकार दिया जाए। वहीं उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या न करवाने का संकल्प दिलाया और लिंगानुपात में समानता लाने के लिए रैली निकालकर सभी को जागरूक करने का कार्य किया।



### गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में गो पूजन व यज

भिवानी। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में छोटी काशी भिवानी में भी धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट एवं बाबा भगतू चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वीरवार को स्थानीय महम रोड स्थित गोशाला में एक भव्य गो पूजन और यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान ओमपति व प्रदीप सोनू शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्धेश्य सनातन संस्कृति में गो सेवा के महत्व को उजागर करना और गीता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धूपड़, शिव कुमार पाराशर, रामोतार पराशर, डॉ मदन मानव, आत्मप्रकाश टुटेजा, चंदा गुप्ता, मुदगिल, संतोष हुड्डा, शशी परमार, कमलेश, मनजीत तलवर, मनजीत प्रजापति, सुनीता तंवर, सुशीला देवी, हैप्पी, विकास, अंकित किरावड़, मुन्नी रोहिल्ला, शिवराज बागड़ी, सोनू सैनी, विजय मोहनपुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हरियावास में चलाया जागरुकता अभियान

बहल। गांव गोपालवास व हरियावास में जागरूकता अभियान चलाया, जिससे लिंगानुपात में सुधार हो व लोग जागरूक हों। इस अभियान में आयुष्मान आरोग्य केंद्र गोपालवास से राकेश कुमार बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता(पुरुष) , रमेश कुमारी बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) शामिल हुए। आशा कार्यकर्ताओं में किरण , बबली, चंद्रपति, अनीता, जशवंति व सोनू आशा शामिल हुई।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में उर्मिला व चमेली शामिल हुई।




### निबंध लेखन में ज्योति ने प्रथम स्थान पाया

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में वीरवार को भारत के लौह पुरुष व राष्ट्रीय एकता के मुख्य वास्तुकार सरदार वल्लभभाई पटेल की दो अक्तूबर को जयंती से वर्ष भर चलने वाले मासिक कार्यक्रम गतिविधियों के अन्तर्गत निबंध व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार की अध्यक्षता में व राष्ट्रीय दिवस प्रभारी प्रोफेसर कमलेश के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक स्वतन्त्रता सेनानी, वकील, राजनेता थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद भारत की सैंकड़ों रियासतो को एकजुट करने में भूमिका निभाई। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान छात्रा अन्तिम ने, द्वितीय साथ सोनिया ने व तृतीय स्थान सुमित राज ने प्राप्त किया। निबंध लेखन में ज्योति ने प्रथम स्थान, सुमित राज ने द्वितीय व छात्रा नवीना ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान डा. सूबेसिंह, डा. परमजीत, डा .गुणपाल, डा . रिंकु, डा. मीना कुमारी, डा मनीषा लाठर, प्रियंका आदि उपस्थित रहें।

शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# नपा टीम ने रेहड़ी संचालकों के काटे चालान, रोड पर रेहड़ी खड़ी मिलने पर अब चालान की बजाय की जाएगी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में वीरवार को नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वीरवार को नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर टीम नारनौल से बुलाई गई थी। इस दौरान टीम ने सड़क पर खड़ी सभी रेहड़ी चालकों के 200 से लेकर 500 रुपये तक के चालान किए। साथ हीं चेतावनी दी गई कि अगर शुक्रवार को रेहड़ी रोड पर खड़ी मिली तो चालान की बजाय रेहड़ी कब्जे में ली जाएंगी। दुकानदारों ने टीम के आने की भनक लगते ही सामान समेट लिया।

बता दें कि प्रतिदिन नगर पालिका अभियान चला रही है। इसमें दुकानदारों पर कार्रवाई कर सामान हटाने का निर्देश दे रही है। वीरवार को चले अभियान में टीम ने बालाजी चौक, शंकर मार्केट, रेलवे रोड, आईटीआई रोड, ब्रहमदेव चौक, आंबेडकर चौक तक अभियान चलाया। इसमें दुकानदारों के बॉक्स, मेज, फ्लैक्स आदि जब्त किए तथा रेहड़ी चालकों के चालान किए गए है। नागरिक अस्पताल के पास रेहड़ी चालकों ने टीम के साथर बहस भी की। रेहड़ी चालाकों का कहना था कि नगर पालिका की ओर से आए दिन उनके चालान किए जा रहें है, पूरे दिन की मेहनत की कमाई वह नगर पालिका को दे रहे है। इस दौरान रेहड़ी चालकों ने पक्षपात करने की बात कही। रेहड़ी संचालकों ने चिंता व्यक्त की है कि बाजार से मुख्य अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जा रहा है। दुकानदारों ने पक्का अतिक्रमण किया हुआ है। नगर पालिका की ओर से यह कार्रवाई मुख्य मार्गों और रेहड़ी लगाकर यातायात बाधित करने की लगातार मिल रही शिकायतों पर की गई।


महेंद्रगढ़। रेहड़ी संचालक का चालान करते टीम सदस्य। फोटो: हरिभूमि


महेंद्रगढ़। चालान नहीं करने को लेकर हाथ जोड़ता रेहड़ी चालक। फोटो: हरिभूमि

**उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार हुई कार्रवाई**

टीम सदस्यों ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बाजार में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने बालाजी चौक, शंकर मार्केट, रेलवे रोड, आईटीआई रोड, ब्रहमदेव चौक, आंबेडकर चौक तक अभियान चलाया और अतिक्रमण को हटवाया गया है। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान खुद हटा लिया तो कुछ हटाने की बात कहते रहें। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी की भविष्य में पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति का सामान रोड पर मिलता है तो उसे पालिका उठवा लेगी जिसकी जिम्मेवारी स्वयं की होगी। इसके अलावा रेहड़ी संचालक अपनी रेहड़ी को दीवार से संटाकर लगाए, अगर रोड पर मिली तो चालान की बजाय, रेहड़ी कब्जे में ली जाएंगी।

**अभियान जारी रहेगा**

नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से नियमों का पालन करने और सड़कों पर सामान रखकर यातायात बाधित न करने की अपील की। सचिव ने चेतावनी दी कि यदि नियमों का पालन नहीं किया गया, तो बाहर पड़ा सामान जब्त कर लिया जाएगा और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका का अभियान लगातार जारी रहेंगा।

## खबर संक्षेप

### नांगल चौधरी में याद किए गए बाबा साहेब

**नारनौल।** नांगल चौधरी के बीडीपीओ प्रांगण में भारतरत्न एवं संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर एवं संविधान समिति के सदस्य रणबीर सिंह हुड्डा की जयंती पर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश माण्डैया ने की। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी से मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव एचपीसीसी जसवन्त सिंह सेहरावत, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी, एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह, एडवोकेट नवीन शर्मा, एडवोकेट बिहारी लाल यादव, एडवोकेट बंटी सैनी, एडवोकेट रमेश चंद्र गुर्जर, एडवोकेट भागीरथ बाईला मौजूद रहे।

### दिव्यांगजन संवेदना अनुभूति कार्यक्रम 3 को

**नारनौल।** विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से दिव्यांगजन संवेदना अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहल्ला चौधरियान में तीन दिसम्बर को किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राजकुमार यादव एडवोकेट करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रबंधक संगीता शर्मा, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, शिक्षाविद् मनोज गौतम, शिक्षक अभिभावक संघ की सचिव सोनू भारद्वाज होंगा।

### कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन एक को

**नारनौल।** हरियाणा खेल विभाग की ओर से दो दिसंबर को जिला कुरूक्षेत्र के थीम पार्क में आयोजित होने वाली भारत केसरी व भारत कुमार पुरुष व महिला राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता के लिए एक दिसंबर को सुबह नौ बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में पुरुष व महिला पहलवानों का चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जो पहलवान विजेता होंगे वे राज्य स्तरीय भारत केसरी व भारत कुमार में भाग लेंगे। पहलवानों को अपने जिले से संबंधित रियासी प्रमाण पत्र या बिजली का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस आदि लाना जरूरी है।

## अभियान को लेकर सड़क पर उतरे कांग्रेसी, की नारेबाजी

यह अभियान लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई: सैलजा

# कांग्रेस ने महेंद्रगढ़ में किया प्रदर्शन बोले- जनता से अन्याय सहन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी नेता। फोटो: हरिभूमि

महेंद्रगढ़ में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस जनसभा में मुख्य वक्ता के रूप में रणदीप सिंह सुरजेवाला व कुमारी शैलजा ने भाग लेकर आंदोलन को नई धार दी। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दक्षिण हरियाणा के लोगों को स्पष्ट संदेश दिया है कि हरियाणा की सत्ता निर्माण में दक्षिण हरियाणा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए इस क्षेत्र के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जाति, धर्म और समाज के नाम पर नफरत का जहर फैलाकर दक्षिण हरियाणा को प्रभावित करने की नाकाम कोशिश की है, लेकिन अब समय आ गया है कि दक्षिण हरियाणा के लोग मानसिक व राजनीतिक रूप से और अधिक मजबूत हों, ताकि आप सभी के सहयोग से हरियाणा में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार स्थापित की जा सके। राव नरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने खुलकर बताया है कि किस प्रकार ईवीएम में गड़बड़ी, गलत एड्रेस जोड़ने, विदेशी नामों को मतदाता सूची में शामिल करने जैसे अनैतिक हथकंडों के जरिये 25 लाख वोटों की चोरी की गई। यह लोकतंत्र की खुली हत्या है। उन्होंने कहा कि भाजपा व उसके इशारों पर चलने वाला चुनाव आयोग लोकतंत्र और संविधान पर करारा प्रहार कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे घर घर जाकर लोगों को जागरूक करें कि हरियाणा में एक अवैध और असंवैधानिक सरकार स्थापित की गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसान आज सबसे अधिक पीड़ित है। एमएसपी नहीं मिलती, खाद बीज समय पर उपलब्ध नहीं, जिन किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया गया था।

### जनता को अधिकार दिलाने की मुहिम

वही कुमारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह प्रदर्शन सत्ता हासिल करने की मुहिम नहीं है, बल्कि जनता को उनके अधिकार दिलाने की मुहिम है। आज भारतीय जनता पार्टी अपने कपट पूर्ण रुपैया के चलते जनता के मताधिकारों को वोट चोरी करके छीन रही है। हरियाणा में काबिज सरकार वोट चोरी कर जनता के अधिकारों पर डाका डालकर बनी है। भाजपा के लोग संवेदनहीन और अवसरवादी लोग हैं। पूरे देश में भाजपा का विरोध है, लेकिन फिर भी सरकारी क्यों बन रही हैं। यह एक सोच का विषय है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर सतबीर झुकिया, राजेश संदलाना, मंजू चौधरी, अनीता यादव, डॉ. राज सुनेश, तोताराम, पुनीत बलान, राज, अजीत यादव, ऋषि यादव, हरीश सैनी, विक्रम अवाना व कांग्रेस के सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरकार छीन रही है जनता के अधिकार : सुरजेवाला

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के अथक संघर्ष से हमें यह आजादी मिली और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में बने संविधान ने इस देश की करोड़ों महिलाओं, किसानों, गरीबों, वंचितों को मताधिकार और समानता का अधिकार दिया, लेकिन आज भाजपा सरकार छल कपट के सहारे जनता के अधिकार छीन रही है। जब तक मताधिकार सुरक्षित है, तब तक सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही तय होती है, लेकिन जब सत्ता खुद वोट चोर बन जाए, तो जनता अपनी आवाज भी बुलंद नहीं कर पाती। सुरजेवाला ने कहा कि बिहार में चुनाव के दौरान एसआईआर के नाम पर हजारों वोट काट दिए गए, हजारों फर्जी नाम जोड़ दिए गए और जब कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा तो कोई जवाब नहीं मिला।

## सांस्कृतिक धरोहर का पुनर्जागरण है गीता महोत्सव : एडीसी


नारनौल। सामाजिक संगठनों के साथ बैठक करते एडीसी उदय सिंह।

- 29 नवंबर से एक दिसंबर तक जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर तैयारी में प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 29 नवंबर से एक दिसंबर तक होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह ने जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बैठक की। एडीसी ने कहा कि आईटीआई में इस तीन दिवसीय कार्यक्रम को जन भागीदारी के साथ पूरे उत्साह और गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का पुनर्जागरण है। इस सांस्कृतिक महायज्ञ में सभी सामाजिक संस्थाएं तथा संगठन अपनी आहुति डालें। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है। यह हमारे राष्ट्र की शाश्वत जीवनधारा है, जो हमें कर्म, धर्म और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों व राष्ट्रीय गौरव का संचार करने का एक अवसर है। ऐसे में हम सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इस बैठक में नगराधीश डॉ. मंगल सेन व अन्य अधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में आई 52 शिकायतें

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी उदय सिंह ने आमजन की शिकायतें सुनी। शिविर में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से अधिकतर का निपटान मौके पर कर दिया गया। एडीसी उदय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लघु सचिवालय में लगाए जाने वाले समाधान शिविर के तहत आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए और समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट समय पर अपडेट की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के ऑनलाइन पोर्टल और समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता तथा प्रशासन के बीच सीधे संवाद को मजबूत करना है। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पुलिस व सड़क संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई।

## संविधान दिवस पर हैप्पी स्कूल में संसद के शीतकालीन संयुक्त सत्र में की बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संविधान दिवस पर संसद के शीतकालीन संयुक्त सत्र का भव्य और शैक्षणिक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संसदीय प्रणाली की कार्यप्रणाली को व्यावहारिक रूप से समझाना था। इस विशेष गतिविधि में कक्षा नौवीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रपति की भूमिका रिया, प्रधानमंत्री की भूमिका सूर्यदेव, संसद अध्यक्ष की भूमिका आयुष, अमित शाह की भूमिका रैम्स, भवेन ने राजनाथ सिंह की, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की भूमिका कार्तिक, सोनिया गांधी की भूमिका सिद्धि, सोनाक्षी ने प्रियंका गांधी की भूमिका, सायुनी घोष की भूमिका दिव्या ने निभाई और अन्य मंत्रियों, विपक्षी नेताओं एवं प्रेस प्रतिनिधियों जैसी महत्वपूर्ण भूमिका छात्रों ने निभाकर वास्तविक संसदीय वातावरण का सजीव चित्र प्रस्तुत किया। लोकसभा स्पीकर की भूमिका निभा रहे विद्यार्थी ने अनुशासन के साथ सदन की कार्यवाही का संचालन किया।


महेंद्रगढ़। शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### 150 बच्चों ने किया गोशाला का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के 150 बच्चों ने विद्यालय चेयरपर्सन निशा सैनी के नेतृत्व में माजरा फाटक के नजदीक स्थित शहर की प्राचीन गौशाला का भ्रमण किया। प्राचार्या ज्योति शर्मा एवं बचपन हेड रूपाली अरोड़ा ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने गौशाला में रखे गोवंश की विभिन्न प्रकार की नस्लों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ–साथ गोवंश की देखभाल, उनके रखरखाव का तरीका और उनके खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गाय के दूध से बनने वाली मिठाईयां एवं रसगुल्लों के साथ-साथ गाय के गोबर से बनने वाली खाद के बारे में जानकारी ली।

## बीआर ज्ञानदीप में इंग्लिश क्विज का आयोजन, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में इंग्लिश क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का संचालन अंग्रेजी विभाग के कुशल मार्गदर्शक अंग्रेजी अध्यापक सुजान यादव, उर्मिला यादव तथा अमित के नेतृत्व में किया गया।

तीनों शिक्षकों की प्रेरणादायक भूमिका ने इस आयोजन को न केवल सफल बनाया, बल्कि छात्रों के भीतर अंग्रेजी भाषा के प्रति नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार भी किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अंग्रेजी भाषा के शब्दज्ञान, व्याकरण, अनुवाद, साहित्यिक समझ से लेकर त्वरित उत्तर देने की क्षमता तक हर क्षेत्र में अपनी अद्वितीय दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रश्नों की कठिनाई ने जहां प्रतिभागियों की बुद्धि और भाषा-समझ की परीक्षा ली, वहीं छात्रों का शांत, संयमित और सटीक उत्तर देना उनकी उत्कृष्ट तैयारी को दर्शाता रहा। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।


महेंद्रगढ़। विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि


नारनौल। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सिंघानिया विश्वविद्यालय में गूंजा संविधान का संदेश

**महेंद्रगढ़।** सिंघानिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के औपचारिक प्रारंभ से पहले एडमिन ब्लॉक में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान के महत्व और उसकी मूल भावना पर अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के शेखवाटी सभागार में अतिथियों का पारंपरिक तिलक, शॉल और मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नोबल ग्रुप ऑफ एजुकेशन चेयरमैन संदीप नेहरा, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूमोली खुर्द निदेशक विकास दौराता, संतोर के समाजसेवी राव अजीत सिंह अधिवक्ता सुरेंद्र यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कैंपस डायरेक्टर प्रो. डॉ. पीएस जस्सल ने स्वागत भाषण में अभिनंदन किया। अधिवक्ता अजीत सिंह तंवर ने संविधान को समाज की आत्मा बताया तथा बाबा भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। संदीप नेहरा ने संविधान के प्रत्येक पहलू पर गहन चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को इसके महत्व से अवगत कराया।

## अस्पताल में सुविधा बढ़ाने के लिए बजट को मंजूरी

# अब 100 बेड का होगा नागरिक अस्पताल

*आधुनिक उपकरण, जनरल वार्ड, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, एक्स-रे, लैब, इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन थियेटर को और मजबूत किया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार ने महेंद्रगढ़ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ व सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि महेंद्रगढ़ स्थित 50 बेड के अस्पताल को अपग्रेड करके 100 बेड के आधुनिक अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए पुनरीक्षित लागत को सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के लाखों लोगों को बेहतर, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि 100 बेड क्षमता वाले इस आधुनिक अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा, आधुनिक उपकरण, विस्तृत जनरल वार्ड, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, एक्स-रे, लैब, इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन थियेटर और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की मांग कर रहा था, जिसे सरकार ने प्राथमिकता पर पूरा किया है। अस्पताल के अपग्रेडेशन से न केवल महेंद्रगढ़ बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। अब लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं अपने नजदीक ही प्राप्त होंगी।

**अपग्रेडेशन का कार्य समयबद्ध होगा**

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह परियोजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जन-कल्याणकारी नीतियों का परिणाम है, जिनके नेतृत्व में हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को समय पर, सुरक्षित और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल अपग्रेडेशन का कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि जल्द से जल्द जनता को इसका लाभ मिल सके।


महेंद्रगढ़। शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में मनाया संविधान दिवस

**महेंद्रगढ़।** ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस बड़े सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व और उसके मूल्यों से अवगत कराना था। इसके बाद छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर उद्घोषणा-पत्र का वाचन किया और संविधान दिवस की शपथ ली। सभी ने न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। छात्रों और स्टाफ द्वारा डॉ. बीआर अम्बेडकर को फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय में इस दौरान भाषण, प्रश्नोत्तरी और देशभक्ति गीत जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय सीईओ रोश कुमार और सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। समारोह ने सभी को यह याद दिलाया कि भारतीय संविधान न केवल हमारे देश के शासन का आधार है, बल्कि यह हमें एक मजबूत, एकजुट और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।